54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.1°c अधिकतम 22.5 °c

**अमृतवाणी**
भले ही सबकुछ दांव पर लग जाए लेकिन अपमान का बदला समझौता नहीं होना चाहिए।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:03, सूर्यास्त - 6:03 | वर्ष : 54/ अंक : 39 | सोमवार, 09 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**एसआईआर के जरिए ही वे बिहार चुनाव जीतने में सफल हुए हैं : अखिलेश यादव**



इसका मतलब यूपी में भी वे ही जीतेंगे?......

# मीनाक्षी चौक पर गड्ढे ने किया बड़ा खुलासा, दाल मंडी से शिव चौक तक चूहों ने खोखली की पूरे बाजार की नींव









**मुजफ्फरनगर, 8 फरवरी (बु.)।** कुछ बातों का आप सिर्फ अनुमान लगा सकते हैं, अंदाजा नहीं लगा सकते। अगर हम आपसे कहें कि आपकी नींव खोखली हो रही है तो! जी हां हम सच कह रहे हैं मीनाक्षी चौक पर बने विकास का गड्ढा तीन बार बन चुका है और इस विकास के गड्ढे में अब एक नया और भयावह खुलासा सामने आया है। इस गड्ढे को खोदने पर गड्ढा खोदने वाली टीम को ये पता चला है कि चूहों ने ना सिर्फ इस सड़क को बल्कि पूरे आसपास के बाजारों जिनमें दाल मंडी व शिव चौक तक को खोखला कर डाला है और कब किसकी नींव धंस जाए, यह कह पाना भी मुश्किल है। अब ऐसे में दुकानदारों को सावधान रहना होगा और अपनी नींव का ध्यान भी रखना होगा। अभी तक तो यही माना जा रहा था कि सड़क पर हुआ विकास बार-बार धंस रहा है मगर यह अंदाजा बिल्कुल भी नहीं था कि ये विकास चूहों की वजह से धंस सकता है। हालांकि पहले भी देश में ऐसे कई मामले आ चुके हैं जिसमें चूहों ने सुरंग तक खोखली कर दी है।

मगर ऐसा अंदाजा तो बिल्कुल भी नहीं था कि मुजफ्फरनगर में भी ऐसा हो सकता है। जी हां यह तो माना जाता है कि खाने-पीने के बाजारों में अक्सर चूहा दुकानों के अंदर अपना घर बना लेते हैं और शटर गिरते ही रात में जो उन्हें पसंद होता है, खाकर वापस लौट जाते हैं, मगर जमीन के अंदर इतनी बड़ी सुरंग बना डालेंगे ऐसा अनुमान बिल्कुल भी नहीं लगाया जा सकता। शहर के व्यस्ततम इलाके मीनाक्षी चौक पर जब नगर पालिका की जेसीबी ने सड़क खोदना



शुरू किया, तो अधिकारियों के होश उड़ गए। जिसे अब तक खराब निर्माण कार्य या पाइपलाइन के टूटने से सीवर लीकेज माना जा रहा था, उसके पीछे एक ऐसा 'नन्हा दुश्मन' निकला, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

जी हां मुजफ्फरनगर की नींव को चूहों ने खोखला कर दिया है। करीब चार दशक पहले डाली गई सीवर लाइन को चूहों ने कुतर-कुतरकर छलनी कर दिया है। चूहों ने जमीन के अंदर इतनी लंबी और गहरी सुरंगें बना ली हैं कि पूरे बाजार की नींव पर खतरा मंडरा रहा है। मीनाक्षी चौक पर बना ये पहला गड्ढा नहीं है इससे पहले भी चौराहे से घुसते ही ठीक इसी प्रकार अचानक से पानी आ जाने की वजह से सड़क धंसी थी, जिसको नगर पालिका की टीम ने कई दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद गाजियाबाद से आई स्पेशल टीम के द्वारा ठीक कराया था और अब एक नहीं दो नहीं, बल्कि तीसरी बार ठीक मीनाक्षी चौराहे पर बने इस गड्ढे को भरने से पहले इसकी वजह जानी गई तो खुलासा चौंकाने वाला हुआ। तीसरी बार खुदाई में पता चला कि असली विलेन 'विकास' नहीं, बल्कि चूहों की फौज है। दाल मंडी जैसे खाने-पीने के सामान वाले बाजारों में चूहों ने दुकानों के अंदर ही नहीं, बल्कि जमीन के कई फीट नीचे अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। नगर पालिका की सफाई टीम जब सीवर के अंदर उतरी, तो वहां का मंजर देखकर सब दंग रह गए। चूहों ने सीवर लाइन और पानी की पाइपलाइन के बीच इस कदर सुरंगें खोदी हैं कि पानी का रिसाव पूरी मिट्टी को बहाकर ले जा रहा है। अगर आप दाल मंडी, मीनाक्षी चौक या शिव चौक के आसपास आपका मकान है या फिर आप व्यापार करते हैं, तो अपनी दुकान की नींव की जांच जरूर करा लें। रात के सन्नाटे में शटर के नीचे से निकलने वाले ये चूहे अब आपके गल्ले ही नहीं, बल्कि आपकी इमारत के वजूद को भी कुतर रहे हैं।

## मीनाक्षी चौक से जिला अस्पताल तक की सीवर लाईन की होगी जाँच

**मुजफ्फरनगर। शहर की स्वच्छता व्यवस्था और जल निकासी को दुरुस्त करने के अभियान के तहत रविवार को मीनाक्षी चौक से लेकर सिटी डाकखाने तक सीवर लाइन की गहन जांच और सफाई का कार्य किया गया। जांच के दौरान सीवर लाइन के अंदर के हालात बेहद खराब पाए गए, जिसके बाद पालिका प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए बाहरी विशेषज्ञों की मदद ली है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल गाजियाबाद से 'नाला सफाई' की विशेष टीम को मुजफ्फरनगर बुलाया गया, जिन्होंने अपनी मशीनरी के द्वारा सीवर लाईन को साफ किया गया।**

# विवाहिता ने पंखे से लटककर दे दी जान

**मुजफ्फरनगर, 8 फरवरी (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा में विवाहिता ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह पति के साथ विवाद के चलते पिछले दो साल से अपने मायके में रह रही थी। शनिवार की शाम को विवाहिता ने अपने पति से फोन पर बात की थी। फोन पर गर्मागर्मी के बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

पुलिस के अनुसार मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा निवासी सतीश कुमार ने अपनी पुत्री बिन्दू उर्फ कीर्ति का विवाह करीब चार वर्ष पहले खतौली निवासी फायर ब्रिगेड विभाग में कार्यरत पीयूष कुमार के साथ बड़े ही अरमानों के साथ किया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही बिन्दू को ससुराल में मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके साथ ही अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। इससे परेशान होकर बिन्दू पिछले दो वर्षों से अपने मायके नरा में ही रह रही थी। परिजनों का कहना है कि शनिवार देर शाम बिन्दू की अपने पति पीयूष से फोन पर बातचीत हुई थी। फोन पर दोनों के बीच किसी बात पर गर्मागर्मी हुई। इसे लेकर वह काफी गुस्सा थी। बिंदू अपने कमरे में चली गई। वहां उसने पंखे से कपड़े का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे पंखे से लटका देखा तो कोहराम मच गया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पर मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कहा कि मृतका बिन्दू उर्फ कीर्ति पिछले दो साल से अपने ससुराल के विवाद के कारण मायके में रह रही थी। शनिवार को पति से फोन पर बातचीत के दौरान वह तनाव में आ गई और आत्महत्या कर ली। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों की ओर से अभी कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलते ही कानूनी कार्यवाही की जाएगी। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद बिन्दू का शव नरा पहुंचा। उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस अब मोबाइल कॉल डिटेल्स और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहराई से जांच कर रही है। परिजनों की ओर से उसके ससुराल वालों के खिलाफ तमाम आरोप लगाए गए हैं हालांकि पुलिस में कोई तहरीर नहीं दी गई।

# पतंग के पीछे भागते छत से गिरकर कट गई जिंदगी की डोर

**मुजफ्फरनगर, 8 फरवरी (बु.)।** कटी पतंग लूटने की दौड़ में एक बालक जिंदगी की डोर से कट गया। दर्दनाक हादसे में ककरौली थाना क्षेत्र के खेड़िफिरोजाबाद गांव में रविवार शाम 5 बजे एक दस वर्षीय बालक की छत से गिरकर मौत हो गई। बालक पतंग का पीछा करते हुए छत से नीचे गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



पुलिस के अनुसार मृतक मोहम्मद वाजिद का पुत्र अबूजर (10) अपने घर की छत पर अन्य बच्चों के साथ पतंग देख रहा था। इसी दौरान एक कटी हुई पतंग को पकड़ने के लिए उसने मकान की छत से बाथरूम की छत पर छलांग लगा दी। छलांग लगाने के कारण बाथरूम की छत टूट गई और अबूजर मलबे के साथ नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल अबूजर को तुरंत गांव के एक क्लिनिक ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अबूजर प्राथमिक कक्षा का छात्र था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिजनों ने इस घटना को एक हादसा बताया और पोस्टमार्टम सहित आगे की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। परिवार में पिता वाजिद, मां अफरोज और बहनें आफिया व सफिया शामिल हैं।

## उम्र और जिम्मेदारियों के बीच पूजा ने रचा इतिहास

**मुजफ्फरनगर, 8 फरवरी (बु.)।** खतौली के नागर कॉलोनी की रहने वाली 38 वर्षीय पूजा शर्मा ने उम्र, जिम्मेदारियां और सीमित समय, इन तीनों को पीछे छोड़कर यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। 10 वर्षीय बेटे की मां पूजा शर्मा ने महज कुछ महीनों की किकबॉक्सिंग ट्रेनिंग में 600 खिलाड़ियों के बीच ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नेशनल चैंपियनशिप का टिकट हासिल कर लिया है। अक्टूबर 2025 में किकबॉक्सिंग की शुरूआत करने वाली पूजा शर्मा आज उन महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं, जो यह मान लेती हैं कि खेल सिर्फ युवाओं का क्षेत्र है। वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किकबॉक्सिंग ऑर्गनाइजेशन इंडिया द्वारा जम्मू में आयोजित नॉर्थ जोन हार्ड वेपन स्टाइल प्रतियोगिता में पूजा ने शानदार प्रदर्शन कर यह धारणा तोड़ दी।



# रील से गेम और गेम से टास्क खुदकुशी

## बच्चों को बचाओ

- कोरियन गेम समेत तमाम ऑन लाइन खेल व हिंसक रील से बच्चे बिगड़ रहे
- मां-बाप खुद रील, सोशल मीडिया व गेम के चस्के में फंसे तो बच्चे कैसे बचें

**मुजफ्फरनगर, 8 फरवरी (बु.)।** मोबाइल फोन पर रील का चस्का और इसके साथ ही ऑनलाइन-ऑफलाइन गेम की लत के चलते छोटे-बड़े बच्चे बड़ी समस्या बन रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि मां बाप जब मोबाइल से चिपके रहते हैं तो वे कैसे बच्चों को रोकें। ऐसे में ऑन लाइन कोरियन गेम में तीन बहनों की आत्महत्या के मामले ने हर मां-बाप को दहलाया तो है, लेकिन क्या वे खुद इस लत से दूर हो सकेंगे ताकि बच्चों को रोक सकें, यह बड़ा सवाल है। गाजियाबाद की घटना ही नहीं कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनसे ऑन लाइन गेम के बुरे प्रभाव की झलक मिलती है।

**मां-बाप खुद चस्के के शिकार**

मोबाइल और नई तकनीक ने जहां बच्चों के लिए सीखने नये रास्ते खोले, वहीं हद से ज्यादा इस्तेमाल ने मुसीबत भी पैदा कर दी है। बच्चे किताबों, खेल मैदान व पार्कों में मस्ती और दोस्तों के साथ समय बिताने की जगह मोबाइल की स्क्रीन में खोते जा रहे हैं। दुध मुहें बच्चों को मां इसलिए मोबाइल स्क्रीन थमा देती हैं, ताकि वे उन्हें डिस्टर्ब ना करें। बाद में यह लत इतनी पक जाती है कि बच्चों को इससे हटाना मुश्किल हो जाता है। इसका कारण यह भी है कि खुद मां-बाप मोबाइल में सोशल मीडिया और रील के चस्के में इस कदर डूब चुके हैं कि उनके पास बच्चों पर ध्यान देने की फुर्सत ही नहीं है।

ऐसे में रील देखते-देखते ऑफ लाइन और इसके बाद आनलाइन गेम की लत उन्हें मानसिक रूप से बीमार बना रही है। गाजियाबाद में कोरियाई लवर आनलाइन गेम की लत में तीन मासूम बहनों की जान देने की घटना ने अभिभावकों को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना तो चर्चा में है, लेकिन अनेक ऐसे मामले भी सामने आए हैं जो इसी तरह के गेम में युवाओं के शिकार होने के बावजूद चर्चा में भी नहीं आ पाते और परिवार के लोग अपनी किस्मत को कोसते हुए बच्चों से हाथ धो बैठते हैं।

**बिगड़ रही है बच्चों की मनोदशा**



विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों में अधिक स्क्रीन टाइम और आनलाइन गेमिंग की लत उनके मानसिक विकास को प्रभावित कर रही है। जो उनके चिड़चिड़ापन मानसिक असंतुलन और जिद्दी के रूप में नजर आ रहा है। बच्चों की एकाग्रता कम हो रही है और गुस्सा भी जल्दी फूट रहा है। बच्चे मोबाइल पाने के लिए बैचेन रहते हैं, रोते हैं और आक्रामक तक हो जा रहे हैं। इससे भी खतरनाक आनलाइन गेम्स की लत बच्चों में बढ़ रही है, क्योंकि अभिभावक यह नहीं समझ रहे हैं कि बच्चों को कैसे इससे बचाएं। कई बार कामकाजी माता-पिता की दूरियां बच्चों को गेम व ऑन लाइन जुए की ओर धकेल रही है।

**ऐसे शुरू होता है जुए जैसा चस्का**

आमतौर पर मोबाइल पर कुछ ऐसे गेम्स सामान्य रूप से खेले जाते हैं, इनमें लूडो जैसे खेल हैं, जो बाद में ऑनलाइन गेम के चस्के तक ले जाते हैं। कई ऐसे गेम हैं जो बच्चों में हिंसक प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं। ऑनलाइन गेम के चक्कर में बच्चे कई तरीकों से रुपये गंवा देते हैं। ज्यादातर गेम इन-ऐप परचेज, स्किन, डायमंड, यूसी, लेवल-अप या पावर बढ़ाने के नाम पर रुपये खर्च करवाते हैं। शुरूआत में गेम मुफ्त लगता है लेकिन जीतने या आगे बढ़ने के लिए बच्चे बार-बार पैसे डालते हैं। कई बार बच्चे माता-पिता के फोन से बिना जानकारी के पेमेंट कर देते हैं। कुछ गेम लत लगाने वाले डिजाइन होते हैं, जिससे बच्चा बार-बार खेलने और खर्च करने को मजबूर हो जाता है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- बच्चों के सामने मोबाइल का इस्तेमाल कम से कम करें। दो से तीन वर्ष के बच्चों को स्क्रीन से दूर रखें।
- बड़े बच्चे मोबाइल पर क्या देख रहे हैं और गेम की लत में तो नहीं फंस रहे हैं, यह ध्यान रखें।
- माता-पिता की जिम्मेदारी है कि बच्चों के सामने दोस्त की तरह पेश आएं, ताकि उनके मन में भय न रहे। सिर्फ डांट कर उन्हें नहीं सुधारा जा सकता।
- बच्चों से बात करें, उन्हें खेलने के लिए दूसरे माध्यम दें। यह तभी हो पाएगा जब उन्हें समय देंगे।
- बच्चों के साथ भावनात्मक जुड़ाव जरूरी है। ध्यान दें कि बच्चा कितनी देर मोबाइल देख रहा और क्या देख रहा है। कहीं वह हिंसक रील या ऑन लाइन गेम तो नहीं खेल रहा।
- बच्चे पढ़ रहे हों और माता और पिता मोबाइल लेकर गेम या सोशल मीडिया में व्यस्त हों तो इसका क्या असर बच्चे पर होगा, इसका भी ध्यान दें।

## गेम खेलते-खेलते छह साल का बच्चा बोलने लगा कोरियन भाषा

**प्रयागराज, 8 फरवरी (एजेंसी)।** होलागढ़ निवासी एक छह वर्षीय बच्चा मोबाइल फोन पर कोरियन गेम, ड्रामा व कार्टून देखने में ऐसा डूबा कि देखते-देखते ही वह हिंदी भाषा छोड़ कोरियन बोलने लगा। इससे घबराए बच्चे के माता-पिता उसे लेकर मनोचिकित्सक के पास पहुंचे। गूगल सर्च करने पर पता चला कि बच्चा जो भाषा बोल रहा है, वह कोरियन है। शिक्षा विभाग में नौकरी करने वाले माता-पिता ने व्यस्तता के चलते अपने बेटे को होलागढ़ में दादा के पास देखभाल के लिए छोड़ा था। दादा बच्चे को खेलने व बहलाने के लिए जब-तब मोबाइल फोन थमा देते थे। कुछ समय बाद बच्चा कुछ अजीब सी भाषा बोलने लगा। कुछ हिंदी और कुछ अटपटे शब्द सुन परिजन हैरान-परेशान हो गए। इसके बाद उसे मनो चिकित्सक के पास ले जाना पड़ा।

## इंजीनियरिंग छात्रा, भाषा से लेकर मेकअप और कपड़े में हो गई कोरियन



**गोरखपुर, 8 फरवरी (एजेंसी)।** ऑनलाइन गेम और कोरियन लव ड्रामा का क्रेज काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। खासतौर पर लड़कियों को यह कोरियन वेब सीरिज और मूवीज बीमारी की तरह फैल रही हैं। गोरखपुर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा कोरियन लव ड्रामा देखकर इतनी बुरी तरह से प्रभावित हो गई कि पहले कोरियन शब्द बोलने लगी और फिर उसी तरह मेकअप और कपड़े भी पहनने शुरू कर दिए। यही नहीं, साथियों से उसी तरह का व्यवहार चाहने लगी। इसका दुष्प्रभाव यह रहा कि उसकी पढ़ाई पर असर पड़ने लगा और परीक्षा में उसके नंबर भी काफी कम हो गए। काउंसिलिंग के लिए अभिभावक उसे मनोविज्ञानी के पास लेकर गए तो पता चला कि वह दिन में छह से आठ घंटे तक कोरियन लव ड्रामा और मूवीज देखती थी। वह उसी तरह रहने लगी थी और उसकी बोलचाल में कुछ कोरियन शब्द भी आने लगे थे। उसका पात्रों की तरह रोजाना अलग-अलग तरह का मेकअप (स्किन रूटीन) और पहनावा भी वैसा ही हो गया था। यहां तक कि वह चाहने लगी कि उसके इर्द-गिर्द भी साथी वैसा ही करें। सेमेस्टर में उसके अंक कम हुए तब परिवार वालों का ध्यान गया और काउंसिलिंग शुरू कराई गई।

# धोखाधड़ी कर 30 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार किया

**मुजफ्फरनगर, 8 फरवरी (बु.)।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा लोगों को फर्जी कॉल कर उनके साथ धोखाधड़ी कर यूपीआई के माध्यम से 30 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी का चालान कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल प्रतिबिम्ब से फर्जी कॉल कर लोगों के साथ साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें मिली। साइबर क्राइम पुलिस द्वारा धोखाधड़ी की घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं बैंक खाते जनपद में संचालित मिले। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद आरोपी विजय कुमार निवासी गांव सावटू, थाना-भौराकलां को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने दो मोबाइल बरामद किए हैं। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि उसे ऑनलाइन गेमिंग में पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ था। इस कारण उसे अपनी दो बीघा जमीन बेचनी पड़ी। इस कारण उसने साइबर अपराधियों से मिलकर पैसा कमाने का रास्ता अपनाया। आरोपी ने शुरूआत में अपने मोबाइल नम्बर व बैंक खातों का उपयोग कर ऑनलाइन धोखाधड़ी की। अलग-अलग राज्यों में शिकायतें दर्ज होने के कारण उसके बैंक खाते फ्रीज कर दिये गए। उसके बाद आरोपी ने अपने भाई व माता के बैंक खातों व मोबाइल नम्बरों को उपयोग कर टेलीग्राम के द्वारा साइबर ठगी की। आरोपी के 2 मोबाईल नम्बरों पर 2 शिकायतें तथा 2 खातों पर कुल 15 शिकायतों दर्ज होना अभी तक प्रकाश में आया है, इसके अतिरिक्त आरोपी से बरामद मोबाईल फोन में लिंक मेल आइडी में रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर भी 41 शिकायतें दर्ज है। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त बैंक खाते में 2 माह में करीब 30 लाख रुपये का लेन-देन किया गया है, शेष अन्य खातों की जांच प्रचलित है। आरोपी के विरुद्ध अभी तक लगभग 01 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज हैं, जिसमें से 30 लाख रुपये की धनराशि अभियुक्त के खाते में आना पाया गया है तथा थाना साइबर क्राइम द्वारा अन्य शिकायतों/अभियोगों की जानकारी भी की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है।



# कांवड़ यात्रा शुरू, बिजनौर में रूट डायवर्जन लागू

- हरिद्वार जाने वाले वाहनों को वाया मुजफ्फरनगर होकर जाना होगा
- भारी वाहनों को मीरापुर बाईपास पर रोका जाएगा और रात 12:00 बजे से सुबह 4:00 बजे तक ही आवागमन होगा

**बिजनौर, 08 फरवरी (एजेंसी)।** 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। बिजनौर जनपद में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। बिजनौर से हरिद्वार जाने वाले सभी हल्के व भारी वाहनों को वाया मुजफ्फरनगर होकर जाना होगा। हादसा न हो, इसलिए मेरठ व मुजफ्फरनगर से बिजनौर की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को मीरापुर में बाईपास पर रोका जा रहा है। यह वाहन रात में 12 से चार बजे के बीच रवाना किए जाएंगे। बिजनौर जनपद में कांवड़ यात्रा शुरू हुई है। प्रशासन ने हादसों पर रोक लगाने के मद्देनजर जिले में वाहनों के रूट डायवर्जन की व्यवस्था बनाई है। प्रशासन ने पहले यह व्यवस्था पांच फरवरी से शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन यह आठ फरवरी से शुरू कर दी गई। बिजनौर से हरिद्वार जाने वाले कांवड़ियों के वाहनों को तो भागूवाला व मंडावर मार्ग से निकाला जाएगा, लेकिन अन्य सभी हल्के व भारी वाहन वाया मुजफ्फरनगर होकर हरिद्वार जाएंगे।



### मुजफ्फरनगर में इस मार्ग से जाएंगे भारी वाहन

**बिजनौर, 08 फरवरी (एजेंसी)। बिजनौर से हरिद्वार जाने वाले हल्के व भारी वाहनों को बिजनौर से चलकर गंगा बैराज, देवल, मीरापुर, जानसठ के बाद मुजफ्फरनगर में बाईपास से होकर जाना होगा। इस मार्ग पर गंगा बैराज, मोंटी तिराहा, जानसठ व मुजफ्फरनगर में बाईपास पर पुलिस को तैनात किया गया है।**

### बिजनौर व मुजफ्फरनगर मार्ग पर बढ़ी वाहनों की आवाजाही

**बिजनौर, 08 फरवरी (एजेंसी)।** बिजनौर की तरफ से मुजफ्फरनगर आने वाले वाहनों के कारण मार्ग पर वाहनों की ज्यादा आवाजाही रही। इन हालातों में हादसे न हो, इसके लिए इस मार्ग पर सभी प्रमुख चौराहों व स्थानों पर पुलिस को तैनात किया गया है। प्रशासन ने भारी वाहनों के दिन में बिजनौर आने पर प्रतिबंध लगाया है। इसी के चलते मुजफ्फरनगर व मेरठ व अन्य स्थानों से बिजनौर जाने वाले सभी भारी वाहनों को मीरापुर में मोंटी तिराहे पर रोका गया है। पुलिस टीम सभी वाहनों को सड़क पर खड़ा करा रही है। रविवार को बाईपास पर ट्रकों की दूर तक लाइन लग गई।



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## हिमंता बिस्वा सरमा और गौरव गोगोई

असम के मुख्यमन्त्री हिमंता बिस्वा सरमा और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई इन दिनों आमने सामने हैं। हिमंता बिस्वा सरमा ने गौरव गोगोई और उनकी पत्नी को लेकर जो आरोप लगाए हैं वो गंभीर हैं, देशहित में उनकी जांच आवश्यक है। हिमंता बिस्वा सरमा,गौरव गोगोई पर पहले भी इस तरह के आरोप लगाते रहे हैं। ओवैसी और हिमंता बिस्वा सरमा भी एक-दूसरे पर कटाक्ष कर रहे हैं। कल असम के मुख्यमन्त्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी, क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। हिमंता का आरोप है कि कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंता ने बताया कि हमने मौजूदा सांसद गौरव गोगोई से पाकिस्तान कनेक्शन के बारे में पूछताछ नहीं की है। हमने उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए यह मामला केंद्र पर छोड़ दिया है। हिमंता ने यह भी कहा कि अगर अब गौरव गोगोई को गिरफ्तार करने जैसा कदम उठाया, तो मुझ पर असम विधानसभा चुनावों से पहले गलत राजनीति करने का आरोप लगेगा। उन्होंने कहा कि एलिजाबेथ ने आईबी सूत्रों से क्लाइमेट एक्शन के बारे में जानकारी इकट्ठा कीं तथा गौरव गोगोई ने चुनावी हलफनामे में पत्नी के पाकिस्तानी बैंक खाते के बारे में नहीं बताया। उन्होंने कहा कि गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ को पेमेंट करने के लिए नियमों को दरकिनार किया गया। भारतीय फर्म में काम करते हुए, एलिजाबेथ 6 बार इस्लामाबाद गईं। दूसरे एनजीओ में शामिल होने के बाद 3 बार पाकिस्तान का दौरा किया, एलिजाबेथ सिर्फ अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान जाती थी, कभी फ्लाइट से नहीं गईं। गौरव अपनी शादी से पहले दिसंबर 2013 में चुपके से पाकिस्तान गए थे। उस समय वे असम के सीएम के आवास में रह रहे थे। गौरव को 2013 में इस्लामाबाद, कराची जाने की इजाजत दी गई, हालांकि वीजा सिर्फ लाहौर के लिए जारी किया गया था। कांग्रेस सांसद की यात्रा के बारे में असम पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई थी। हिमंता सरमा ने दावा किया कि पाकिस्तान यात्रा के दौरान गोगोई करीब दस दिनों तक डिजिटल प्लेटफॉर्म से पूरी तरह गायब रहे। उन्होंने कहा कि इस दौरान पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने उनके वीजा परमिशन में बदलाव किया था। यह सामान्य राजनयिक या शैक्षणिक यात्रा नहीं लगती। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौरान हुई गतिविधियां राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी आशंकाओं को जन्म देती हैं और इसकी गहन जांच आवश्यक है। असम मुख्यमन्त्री ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल एक तस्वीर ने पूरे विवाद को हवा दी, जिसमें गौरव गोगोई को पाकिस्तान दूतावास के कार्यक्रम में युवाओं के समूह के साथ देखा गया। सरमा ने कहा कि शुरूआत में उन्हें लगा था कि यह तस्वीर फर्जी है, लेकिन बाद में कांग्रेस नेताओं की स्वीकारोक्ति के बाद इसकी सत्यता सामने आई। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान जैसे संवेदनशील देश से जुड़े किसी भी आधिकारिक संपर्क को हल्के में नहीं लिया जा सकता और यह मामला केवल राजनीतिक विवाद नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भी बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 में सांसद बनने के बाद गोगोई ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर कई सवाल उठाए, जिससे उनके संदेह और मजबूत हुए। इन सब आरोपों की जांच होनी चाहिए, क्योंकि मामला राष्ट्र सुरक्षा का है, मुख्यमन्त्री सरमा ने कैबिनेट के फैसले के बाद कहा था कि पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और ब्रिटिश नागरिक एलिजाबेथ कोलबर्न गोगोई से जुड़ी भारत विरोधी साजिश की जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंप दी जाएगी। सरमा ने कहा कि एसआईटी जांच ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है, जहां केंद्र सरकार की मदद के बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है, क्योंकि इंटरपोल से मदद, भारत सरकार और संसद से संवेदनशील जानकारी की जरूरत है। इसलिए यह तय किया गया है कि मामला गृह मंत्रालय की चुनी गई केंद्रीय सरकारी एजेंसी को सौंप दिया जाएगा। गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न, ब्रिटिश नागरिक हैं, गौरव गोगोई से उनकी मुलाकात 2010 में संयुक्त राष्ट्र सचिवालय में इंटर्नशिप के दौरान हुई थी। दोनों ने 2013 में शादी की और उनके दो बच्चे हैं। एलिजाबेथ कोलबर्न ने 2011 से 2015 तक क्लाइमेट डेवलपमेंट एंड नॉलेज नेटवर्क के साथ काम करते हुए, भारत, पाकिस्तान और नेपाल में परियोजनाओं की देखरेख की। वर्तमान में ऑक्सफोर्ड पॉलिसी मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में वरिष्ठ सलाहकार हैं। हिमंता बिस्वा सरमा की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। गौरव गोगोई ने असम के मुख्यमन्त्री की प्रेस कांफ्रेस पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली और असम के उन पत्रकारों पर मुझे तरस आता है, जिन्हें सदी की सबसे फ्लॉप प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह किसी सी-ग्रेड फिल्म से भी बदतर थी। तथाकथित चतुर मुख्यमन्त्री ने बेहद बेतुके और झूठे तर्क दिए। अढाई घंटे की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भी वहां मौजूद पत्रकार उनकी बातों से संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें यह बताना चाहिए कि उन्होंने और उनके परिवार ने असम भर में 12,000 बीघा या 4000 एकड़ की बहुमूल्य संपत्ति कैसे हासिल की। सत्ता में आने पर हम ये जमीनें ले लेंगे और गरीबों और भूमिहीनों में बांट देंगे। इससे पहले हिमंता बिस्वा सरमा ने उन पर जमीन हड़पने का आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करने की बात भी कही थी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'घटिया' 'बात' 'टॉपिक' 'टोंटी'**

घटिया नेता के कुछ चेले अक्सर ये सब कहते हैं,
बात, बुरी फिल्मों में भी तो,अच्छी तक मिल जाती है।
आज की कविता,नदिया, झरने, सूरज,चाँद से आगे है,
आज के कवियों को टॉपिक में टोंटी तक मिल जाती।

# जलभराव से त्रस्त चार गांव के ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन, जमकर नोंक-झोंक

## - जलभराव के बीच चारपाई बिछाकर बैठे ग्रामीण, अधिकारियों से वार्ता रही बेनतीजा





**भोपा, 08 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर - सीकरी मार्ग पर पिछले एक वर्ष से भरे गंदे पानी से त्रस्त चार गांव के ग्रामीणों ने रविवार सुबह जलभराव के बीच चारपाई पर बैठकर धरना-प्रदर्शन किया और अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा की। धरने की सूचना पर पुलिस व प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों और प्रशासन के बीच हुई वार्ता बेनतीजा रही। खबर लिखे जाने तक धरना-प्रदर्शन जारी था। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर, रहमतपुर, गढ़वाडा और सीकरी निवासी सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सुबह सवेरे सीकरी-सिकंदरपुर मार्ग पर गंदे पानी से भरे हुए स्थान पर पहुंच गए। देखते ही देखते धरने पर सैकड़ों की संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने दोनों और से मार्ग बंद कर दिया और जलभराव के बीच चारपाई बिछाकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों द्वारा इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। धरने की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों को समझाया, लेकिन ग्रामीण पानी की समस्या के समाधान के लिए अड़े रहे। धरने पर मौजूद किसान यूनियन के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि यह रास्ता करीब आधा दर्जन गांवों को जोड़ता है और यहाँ जमा गंदा पानी लोगों के लिए रोजमर्रा का संकट बन गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों को इस गंदे पानी में से गुजरना पड़ता है, जिसके कारण कई बार फिसलकर बच्चे व महिलाएं घायल हो चुके हैं। वहीं उन्होंने बताया कि शमशान जाने का रास्ता भी यही है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मंदिर में पूजा करने जाने वाली महिलाओं को भी इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई महिलाओं ने बताया कि गंदे पानी में गिरने से उनका पूजा का सामान खंडित हो जाता है। सीकरी के पूर्व प्रधान पति इरफान अली उर्फ अप्पी ने बताया कि गांव सीकरी में जाने वाला यही मुख्य मार्ग है। इसी मार्ग से ग्रामीण गांव में पहुंचते हैं। उनका कहना है कि हमारे गांव सीकरी में ना तो बैंक है और न ही किसान सोसाइटी है तथा जनपद में जाने के लिए यह एक ही मुख्य मार्ग है, जिसमें प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में गांव सीकरी के ग्रामीण बैंक कार्य,अस्पताल, सोसाइटी व अन्य कार्य के लिए गांव से बाहर जाते हैं, लेकिन जल भराव की समस्या होने से ग्रामीण बहुत परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। सड़क पर जलभराव न केवल यातायात बाधित कर रहा है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन गया है। इस मौके पर मेनपाल प्रधान गुड्डु प्रधान, राजीव, बिट्टू चौधरी, पंजाब सिंह, मुगीज, इशरत अली, शहवेज, वकार, शहजाद, मोहम्मद मियां, फरमान, तारिक, संदीप गड़वाड़ा, वासु पंकज मलिक, अशोक कुमार, भरत सिंह, सुरेंद्र लंबरदार, यशपाल सिंह, कृष्ण प्रधान, कलीम , खुर्शीद, मोहम्मद सादिक प्रधान, सारिक, सूफियान, हुजैफा,आदिल, अरबाब, नजीर आदि ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सड़क से पानी की निकासी का स्थाई समाधान नहीं निकलता, वे अपना धरना जारी रखेंगे। उनकी मांग है कि तत्काल नालियों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। वहीं ग्रामीणों के अनोखे प्रदर्शन के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत कर समस्या के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन के बाद भी ग्रामीणों ने अपना धरना स्थगित नहीं किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

## - शादी से लौट रहे ढोल वादकों की बाइक को मारी टक्कर



**बुढ़ाना, 08 फरवरी (बु.)।** बुढ़ाना थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ये दोनों युवक एक शादी समारोह में ढोल बजाकर अपने घर लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। घायलों में से एक को गंभीर चोटों के कारण मुजफ्फरनगर रेफर किया गया है। घटना बुढ़ाना थाना क्षेत्र के अलीपुर अटेरना गांव के पास हुई। घायलों की पहचान दौराला निवासी मोंटू पुत्र संतोष और कपसाड़ निवासी बाबी पुत्र बेदो के रूप में हुई है। बाबी ने बताया कि वे दोनों ढ़ोल बजाने का काम करते हैं और बुढ़ाना के एक गांव में शादी खत्म करने के बाद अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। अलीपुर अटेरना गांव पहुंचते ही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक दूर जा गिरे। मोंटू टक्कर लगते ही बेहोश हो गया और उसे सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद एंबुलेंस चालक दोनों घायलों को बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टरों ने बाबी का उपचार किया, जबकि मोंटू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मुजफ्फरनगर चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, मोंटू के सिर में गंभीर चोट लगी है।

# नहर पर युवक का बैग मिलने के बाद फैली सनसनी





**भोपा, 08 फरवरी (बु.)।** थानाक्षेत्र के बेलड़ा गंगनहर पुल पर एक बैग मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर भोपा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। जांच के दौरान थानाक्षेत्र की एक महिला ने नहर पुल पर पहुंचकर कर बैग को अपने पति का बताया। मौके पर पहुचे थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह और सीकरी चौकी इंचार्ज सपन चौधरी ने मौके पर पहुंचकर युवक के बारे जांच पड़ताल की है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव बेलड़ा नहर पुल पर रविवार दोपहर एक कपड़ों और अन्य सामान से भरा बैग मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह और सीकरी चौकी इंचार्ज सपन चौधरी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान थानाक्षेत्र के गांव धीराहेड़ी निवासी ममता ने पुलिस को बताया कि उसका पति योगेन्द्र घर से बैग लेकर चला था, जो बैग अब नहर पुल पर मिला है। महिला ने अपने पति को नहर में कूदकर आत्महत्या करने की आशंका जताई, जिससे हड़कंप मच गया और सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि अभी स्पष्ट नहीं हुआ है कि युवक नहर में गिरा है। नहर से बैग मिला है बाकी कैमरों को देखा जा रहा है। वहीं सूत्रों के अनुसार युवक एक सीसीटीवी में बैग रखकर भोपा की ओर जाता दिखाई दिया है।

# हिंदू समाज के लोग जातिवाद को छोड़कर संगठित होंगे, तभी राष्ट्र निर्माण होगा : यशवीर महाराज





**शाहपुर, 08 फरवरी (बु.)।** स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि हिंदू समाज के लोग जातिवाद को छोड़कर संगठित होंगे, तभी राष्ट्र निर्माण होगा। उन्होंने सभी सनातन धर्म के लोगों से वर्तमान में उनकी जनसंख्या कम होने पर चिंता जाहिर की। कस्बे के शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज में संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता यशवीराश्रम योग साधना केंद्र बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। संघ के स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों ने देश की आजादी में अपना अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि देश छत्रपति शिवाजी महाराज व महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों व सनातन धर्म के लोगों का है। वर्तमान में षड्यंत्र रचकर सनातन संस्कृति को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वह देश से पहले धर्म की रक्षा करें और अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित देश सुरक्षित सनातन सौंपे। उन्होंने कहा कि देश में लव जिहाद के साथ-साथ धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसके अलावा जातिवाद का जहर घोलकर हिंदुओं को विभाजित किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि वर्तमान में हिंदुओं की जनसंख्या कम होती जा रही है। हिंदू समाज के लोग अपनी जनसंख्या बढ़ाने का कार्य करें। कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की जिला बौद्धिक प्रमुख कुसुम बंधु ने पंच परिवर्तन समरसता, कुटुंब, पर्यावरण, स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य बोध के माध्यम से संगठित होकर समाज में परिवर्तन लाने का कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को आरएसएस के विभाग संपर्क प्रमुख उदय सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाहक संदीप बंसल ने किया। कार्यक्रम में गायक सुनील लक्खा व कुमार विशाल ने धार्मिक व देश भक्ति गीत सुनाए। वहीं कस्बे के एक बच्चे वेदांश नामदेव ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्मचारी मृगेंद्र के अलावा राजेश गिरी महाराज, आरएसएस के विभाग संघ चालक डॉ. हरवीर आर्य, वरिष्ठ आरएसएस नेता श्यामपाल सिंघल , मनमोहन दास बंसल, मणिकांत मित्तल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, गौ सेवा प्रमुख विजय बंसल, अरुण मित्तल, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, सभासद सोनू सैनी, प्रदीप पाल सहित आदि सैकड़ों सनातनी महिला-पुरुष मौजूद रहे।

आवश्यकता है
दाँतों के अस्पताल में डेंटल असिस्टेंट की।
सम्पर्क करें-
9084667828

# हिमंता के आरोप- कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध



**गुवाहाटी, 8 फरवरी (एजेंसी)।** असम सीएम हिमंता ने कहा कि गौरव गोगोई को इसलिए गिरफ्तार नहीं कर रहे, क्योंकि इससे चुनाव के पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा। असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था।

# मोहन भागवत बोले- वीर सावरकर को भारत रत्न दिया जाता है तो पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ेगी

**मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) को भारत रत्न दिया जाता है, तो यह सम्मान खुद इस पुरस्कार की गरिमा को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि सावरकर को किसी पुरस्कार की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे पहले ही देशवासियों के दिलों में स्थान बना चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं उस समिति का हिस्सा नहीं हूं जो इस पर फैसला करती है, लेकिन अगर किसी से मुलाकात होगी तो जरूर पूछूंगा कि इसमें देरी क्यों हो रही है। अगर सावरकर को भारत रत्न दिया जाता है तो यह पुरस्कार के लिए ही सम्मान होगा और उसकी प्रतिष्ठा और बढ़ेगी। बिना किसी सम्मान के भी सावरकर जनता के दिलों पर राज करते हैं। वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग लंबे समय से राजनीतिक बहस का विषय रही है। कई संगठन और नेता उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने की मांग करते रहे हैं। वहीं, कांग्रेस पार्टी इस मांग का विरोध करती रही है। कांग्रेस का आरोप है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सरकार को भेजी गई दया याचिकाओं के कारण सावरकर 'देशद्रोही' थे। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिवसेना लगातार सावरकर को भारत रत्न देने के पक्ष में खड़ी रही हैं। इन दलों का कहना है कि सावरकर एक महान स्वतंत्रता सेनानी, लेखक और समाज सुधारक थे और उनका योगदान देश के इतिहास में महत्वपूर्ण है। अपने संबोधन में मोहन भागवत ने आरएसएस की कार्यशैली और विचारधारा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य प्रचार या आक्रामक अभियान चलाना नहीं, बल्कि समाज में अच्छे संस्कारों का निर्माण करना है। अत्यधिक प्रचार से दिखावा बढ़ता है और इससे अहंकार पैदा हो सकता है। इससे बचना जरूरी है। प्रचार वर्षा की तरह होना चाहिए, समय पर और सीमित मात्रा में।

# कोई भी हिंदू बन सकता है आरएसएस प्रमुख : भागवत



**मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसी)।** अगला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख कौन होगा.. और किस तरह के व्यक्ति को आरएसएस प्रमुख बनाया जाएगा..? किस योग्यता पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख का चुनाव किया जाएगा..? ब्राह्मण जाति का होगा फ्रर प्रमुख, क्षत्रिय होगा या फिर किसी और जाति का आरएसएस प्रमुख बनाया जाएगा.. ये सवाल राजनीतिक गलियारों में उठने लगे हैं.. इन्हीं तमाम सवालों के बीच वर्तमान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का बड़ा बयान सामने आया है.. मुंबई में एक कार्यक्रम में पहुंचे मोहन भागवत ने बता दिया है किन शर्तों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख का चयन किया जाएगा.. आपको बता दें कि आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आरएसएस प्रमुख कौन बन सकता है, इस बात को लेकर बड़ा बयान दिया। भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ का सरसंघचालक किसी जाति का नहीं होगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ब्राह्मण, क्षत्रिय या अन्य जाति का होना जरूरी नहीं है, केवल एक शर्त है, जो बने वह हिंदू होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जाति के आधार पर पद का चयन नहीं किया जाता, केवल हिन्दू होने की शर्त जरूरी है।

# एपस्टीन यौन अपराधी ने बनाई थी अपने डीएनए से सुपर रेस मानव बनाने की योजना

**नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसी)।** यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यमी जेफ्री एपस्टीन हमेशा विवाद और अपराध के कारण सुर्खियों में रहा। 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में उनकी मौत से पहले, एपस्टीन ने कथित तौर पर एक चौंकाने वाली योजना बनाई थी। उनका लक्ष्य था अपने डीएनए के जरिए 'सुपर रेस' के मानव तैयार करना। एपस्टीन ने न्यू मेक्सिको में अपने विशाल रैंच, जिसे जीरो रैंच कहा जाता है, का इस्तेमाल महिलाओं को गर्भवती करने और अपनी संतान उत्पन्न करने के लिए करने का इरादा जताया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कई वर्षों तक वैज्ञानिकों और व्यापारिक सलाहकारों को यह योजना साझा की। कुछ लोगों ने इसे निजी रूप से 'बेबी रैंच' कहा। हालांकि, कोई सबूत नहीं है कि यह योजना कभी लागू की गई या कानूनी रूप से अवैध होती। एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया। इसमें नोबेल विजेता भौतिक विज्ञानी मरे गेल-मान, थ्योरिटिकल फिजिसिस्ट स्टीफन हॉकिंग, विकासवादी जीवविज्ञानी स्टीफन जे. गुल्ड और आनुवंशिकी विशेषज्ञ जॉर्ज एम. चर्च शामिल थे। एपस्टीन ने शोध निधि, सम्मेलनों और उच्च स्तर की बैठकों का आयोजन किया, ताकि वैज्ञानिक विचार विमर्श में उसका प्रभुत्व रहे। एपस्टीन ट्रांसह्यूमनिज्म के प्रति बेहद उत्साहित थे, जो तकनीक और जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिए मानव क्षमताओं को बढ़ाने की विचारधारा है। उन्होंने अपने शरीर के संरक्षण और मृत्यु के बाद शरीर को फ्रीज करने की क्रायोनिक्स तकनीक में भी रुचि दिखाई। हाल के वर्षों में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों में संकेत मिलते हैं कि एपस्टीन ने कथित रूप से बच्चों को जन्म दिलवाया। एक महिला ने दावा किया कि उसने 2002 के आसपास 16-17 वर्ष की उम्र में एक बच्ची को जन्म दिया, जिसे जन्म के तुरंत बाद एपस्टीन के पूर्व सहयोगी घिस्लेन मैक्सवेल द्वारा कब्जा लिया गया। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# ओमान में भारतीय लड़कियों की अदला-बदली

## - 100 भारतीय लड़कियां फंसी

**कपूरथला/सुल्तानपुर लोधी, 8 फरवरी (एजेंसी)।** ओमान में भारतीय लड़कियों की रिप्लेसमेंट का चलन बढ़ने लगा है। ऐसा एक सच सामने आया है, जहां पर एक युवती ने अपनी चचेरी बहन को ओमान बुलाया और खुद भारत आ गई। पीड़ित युवती के परिवार ने राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल से मुलाकात की और बेटी की घर वापसी की गुहार लगाई। बाद में संत सीचेवाल के प्रयासों से ओमान में फंसी 4 भारतीय लड़कियों की सुरक्षित भारत वापसी संभव हो सकी। इनमें 3 लड़कियां पंजाब और एक केरल की है। शनिवार को निर्मल कुटिया सुल्तानपुर लोधी में संत सीचेवाल से मिलने पहुंची कपूरथला की पीड़िता ने आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि वह मई 2024 में कजन बहन के जरिए ओमान गई थी। बाद में कजन भारत लौट आई और उसे वहां छोड़ दिया गया। ओमान पहुंचते उसका पासपोर्ट छीन लिया गया और 2 साल के अनुबंधों पर हस्ताक्षर करा लिए गए। कभी वेतन नहीं दिया गया। पीड़िता ने बताया कि ओमान में उसे छोटी-छोटी बातों पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और अमानवीय व्यवहार बर्दाश्त करना पड़ा। जब लौटने की मांग की तो स्पॉन्सर ने लाखों रुपए की मांग की। ओमान में अभी भी 100 लड़कियां फंसी हैं। संत सीचेवाल ने कहा कि दिसंबर में उन्होंने विदेश मंत्रालय को लिखित रूप में 70 लड़कियों की जानकारी दी थी। अब सामने आया है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ी सख्ती के चलते गिरोह लड़कियों को मुंबई के रास्ते विदेश भेज रहे हैं ताकि जांच से बचा जा सके।

शानदार मौका, शहर के बीचों-बीच कार्य के लिए मदान कॉम्पलैक्स, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर के अन्दर किराये पर दुकानें और हॉल उपलब्ध
मार्किट में लैट्रिन- बाथरूम, पानी, बिजली आदि की सुविधा
दुकानों में ए.सी. की फिटिंग
इन्वर्टर की फिटिंग
टाईल्स व पत्थर लगा हुआ।
सम्पर्क करें-
M:.9219204060,9528870060

# वीआईपी ट्रीटमेंट न मिलने पर संजय निषाद भड़के : देवरिया में न एस्कॉर्ट मिला न कोई अधिकारी पहुंचा



**देवरिया, 8 फरवरी (एजेंसी)।** मंत्री संजय निषाद वीवीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलने पर भड़क गए। देवरिया पहुंचे मंत्री निषाद को न तो एस्कॉर्ट वाहन दिया गया और न ही सर्किट हाउस में वीआईपी व्यवस्थाएं दी गईं। सर्किट हाउस पर कोई अधिकारी भी मौजूद नहीं था। नाराज मंत्री ने कहा- एस्कॉर्ट नहीं होने की वजह से जनसुनवाई और अन्य कार्यक्रमों में असुविधा हुई। मंत्री के ढर अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव ने सीएम और एसएसपी को लेटर भेजकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर उनके कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया है। मामला 2 फरवरी का है। मंत्री निषाद एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देवरिया पहुंचे थे। मंत्री का आरोप है कि पूर्व प्रस्तावित इस कार्यक्रम के बावजूद जिला प्रशासन ने प्रोटोकॉल की अनदेखी की।

# कार ट्रेनर को बदमाश स्कॉर्पियो में डालकर ले गए

**मेरठ, 8 फरवरी (एजेंसी)।** खरखोदा थाना क्षेत्र के धीरखेड़ा गांव में रविवार को दिनदहाड़े एक कार ट्रेनर का अपहरण कर लिया गया। काली स्कॉर्पियो सवार आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में वारदात को अंजाम दिया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि पीड़ित के परिजनों में कोहराम मच गया। धीरखेड़ा स्थित नंबरदार सेल्फ ड्राइव नाम से सुशांत त्यागी का कार ट्रेनिंग सेंटर है, जहां ड्राइविंग सिखाने के साथ पुरानी कारों की खरीद-बिक्री भी होती है। यहीं कैली गांव निवासी 27 वर्षीय कार्तिक जाटव ट्रेनर के रूप में काम करता है। रविवार शाम सेंटर मालिक बाहर थे, तभी काली स्कॉर्पियो से आए बदमाशों ने हथियारों के बल पर कार्तिक का अपहरण करने की कोशिश की। जान बचाने के लिए कार्तिक भागा और करीब 500 मीटर दूर एचपी पेट्रोल पंप के ऑफिस में घुस गया। बदमाश पीछा करते हुए पेट्रोल पंप के ऑफिस तक पहुंच गए। वहां कार्तिक की पिटाई की गई और जबरन स्कॉर्पियो में डाल लिया गया। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन पर भी हथियार तान दिए। इसके बाद आरोपी कार्तिक को लेकर हापुड़ की ओर फरार हो गए।

# जनकपुरी हादसा: श्रद्धांजलि देने पहुंचे सौरभ भारद्वाज समेत कई आप नेता हिरासत में



**नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली के जनकपुरी में 25 वर्षीय कमल ध्यानी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे आम आदमी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को कैंडल मार्च के दौरान पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आप नेताओं ने पुलिस पर धक्का-मुक्की, पोस्टर फाड़ने और शांतिपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम को जबरन रोकने के आरोप लगाए। आप नेताओं ने पुलिस पर धक्का-मुक्की और शांतिपूर्ण कार्यक्रम को रोकने का आरोप लगाया।

# दावा-असम के सीएम के हाथ में बंदूक, निशाने पर मुसलमान



**नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसी)।** कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि असम बीजेपी हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टारगेटेड पॉइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन पॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत के शेयर किए गए वीडियो में असम की भारतीय जनता पार्टी का अकाउंट नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा- यही है असली बीजेपीः सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं?

# सड़क हादसे में बच्चे की मौत, थाने पर जमकर पथराव

## - हाथरस में पुलिस ने भागकर बचाई जान; भीड़ ने हाईवे जाम कर बवाल किया



**हाथरस, 08 फरवरी (एजेंसी)।** हाथरस में रविवार दोपहर सड़क हादसे में 2 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने गाड़ी चालक और उसमें सवार 2 लोगों को हिरासत में लिया। गुस्साई भीड़ ने पुलिस से आरोपियों को उनके हवाले करने की मांग की। इस बात को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस में नोकझोंक हुई। धक्का-मुक्की के बाद लोगों ने पुलिस थाने पर पथराव कर दिया। मथुरा-बरेली मार्ग को जाम लगाकर जमकर बवाल किया। घटना के समय थाने में मौजूद पुलिस वालों ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना में कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र प्रताप गिरी और मुरसान नगर पंचायत अध्यक्ष देशराज सिंह समेत कई लोग घायल हुए हैं। मामला बढ़ते ही अधिकारियों के साथ 6 थानों की फोर्स मौके पर पहुंची।

प्रदर्शनकारियों को लाठी भांजकर खदेड़ा गया। इसके बाद जाकर मामला शांत हुआ। घटना दोपहर करीब 3.30 बजे की मुरसान कस्बे के मढ़ैया मोहल्ले की है। मढ़ैया मोहल्ले के रहने वाले रूपेश कुमार प्राइवेट जॉब करते हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़े बेटे की उम्र करीब साढ़े 4 साल है। वहीं दूसरा बेटा 2 साल का यश था। यश अपने घर के बाहर खेल रहा था। तभी एक तेज रफ्तार अर्टिगा उसको रौंदते हुए निकल गई। गाड़ी में 3 लोग सवार थे। घटना के बाद परिजन बच्चे को हाथरस के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां से उसे बागला अस्पताल रेफर किया गया, फिर अलीगढ़ भेजा गया। अलीगढ़ पहुंचने से पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। बड़ी संख्या में परिजन मुरसान कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। परिजनों ने मुरसान कोतवाली के सामने मथुरा-बरेली मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस वालों ने किसी तरह समझाकर रोड से हटाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। इसी बात को लेकर पहले पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोंक हुई, जिसके बाद धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

मुरसान थाने के सामने ही रेलवे ट्रैक है। आक्रोशित लोगों ने रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर पत्थर उठाए और थाने पर जबरदस्त पथराव शुरू कर दिया। जिससे थाने का बोर्ड टूट गया। अंदर खड़ी गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। करीब 15 मिनट तक पथराव हुआ। हालात बेकाबू होते देख 6 थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाठियां फटकार कर लोगों को खदेड़ा। थाने पर पथराव करने और जाम लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पथराव में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। वहीं मुरसान नगर पंचायत अध्यक्ष देशराज सिंह समेत कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। अब स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# अब और बोझ सहन नहीं कर सकती भारत माता : बालियान

## ▶ छत्रपति शिवाजी सेना के हिंदू स्वराज्य अधिवेशन में दहाड़े पूर्व मंत्री ▶ संगठित हिंदू समाज सशक्त राष्ट्र की आधार शिला: अर्चित







**मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)।** छत्रपति शिवाजी सेना के तत्वावधान में जीआईसी मैदान पर रविवार को आयोजित हिंदू स्वराज्य अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि, भारत माता अब और बोझ सहन नहीं कर सकती, ज्यादा आबादी पूरी डेमोग्राफी बदल रही है समय की मांग है और आवश्यकता भी है जनसंख्या नियंत्रण कानून की। उन्होंने लंबे संघर्ष के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि अभी हिन्दुत्व की रक्षा के लिए एक और लड़ाई को लड़ने की जरुरत है।

इससे पूर्व इस अधिवेशन का शुभारंभ वैदिक यज्ञ एवं शंखनाद के साथ किया गया, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित शिवाजी के सैनिकों ने पूर्ण उत्साह के साथ राष्ट्रवादी उद्घोष लगाए, जिससे जनमानस में जोश के साथ ही संकल्प की भावना प्रबल हुई।

अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चित आर्य ने हिंदू स्वराज्य की अवधारणा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए अपना संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिंदुत्व की ताकत के आगाज का प्रतीक है। उन्होंने संगठित हिंदू समाज को सशक्त राष्ट्र की आधार शिला बताया। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुस्लिमों की संख्या राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से न केवल चिंता का विषय है, बल्कि स्थानीय सामाजिक संतुलन एवं कानून-व्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने मांग की कि मुजफ्फरनगर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुस्लिम नागरिकों की पहचान को विशेष सत्यापन एवं खोज अभियान चलाया जाए तथा जांच में अवैध पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए उन्हें उनके मूल देश में वापस भेजा जाए। राष्ट्रीय प्रवक्ता दर्पण वैदिक ने कहा कि धर्म राष्ट्र का प्राण होता है। उन्होंने समाज में व्याप्त समस्याओं को रेखांकित करते हुए उनके वैचारिक, सामाजिक एवं व्यवहारिक निवारण के मार्ग स्पष्ट किए। संगठन मंत्री जैकी राज सैनी ने जातिवाद जैसी तमाम सामाजिक विकृतियों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प व्यक्त किया। संचालन महासचिव धर्मेंद्र कटारिया ने स्वराज्य संकल्प को केंद्र में रखते हुए हिंदू समाज को दृढ़, जागरुक एवं कर्तव्यनिष्ठ बनने का भी आह्वान किया। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि कुछ लोग हमारे बीच के लोगो को आपस में जाति बिरादरी के नाम पर लड़वाने का काम कर रहे है ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि सांप्रदायिक दंगे तो प्रदेश में खत्म हो चुके है तो वो लोग अब क्या करेंगे ऐसे लोगों से बचना है। प्रदेश संगठन मंत्री सुमित बजरंगी ने गौरक्षकों एवं हिंदुत्व का कार्य करने वालों का संरक्षण, समस्त छत्रपति शिवाजी सेना परिवार का कर्तव्य बताया। वहीं जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर मोहित सोलंकी ने कहा कि क्षत्रियत्व की भावना सदैव से राष्ट्र-रक्षा का आधार रही है और भविष्य में राष्ट्र की रक्षा के लिए यह परंपरा जीवित रहेगी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, ब्लॉक प्रमुख अमित राठी, देवांक चौधरी, अंकित आर्य ने भी अपने उद्बोधन में युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज राष्ट्र व्यवस्था को सुधारने एवं समाज की रक्षा के लिए शिवाजी सैनिक को हर समय दल-बल के साथ सजग, संगठित और समर्पित रहने की जरुरत है। इस दौरान विवेक, सुलभ राय, अमन राय, राहुल धीमान, ध्रुव पाल, आदित्य, शांतनु, विकास वर्मा, अमित विश्वकर्मा, सत्यवीर, सुधांशु, दीपांशु, आकाश, प्रणव, गौरव रावत, मोहित, दिवाकर, शिवा, अजय, सागर, आदित्य आदि मौजूद रहे।

## सूरजकुंड मेला हादसा: संचालक कंपनी के दो लोगों को किया गिरफ्तार

**मेरठ, 8 फरवरी (एजेंसी)।** सूरजकुंड मेला परिसर में 7 फरवरी को हुए झूला हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झूला संचालक कंपनी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हादसे में घायलों को बचाते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए थे। पुलिस के अनुसार थाना सूरजकुंड में हिमाचल प्रदेश की हिमाचल फन केयर कंपनी के प्रोपराइटर मोहम्मद शाकिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने मोहम्मद शाकिर निवासी गांव टोका नंगला, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) व एक अन्य आरोपी नितेश निवासी धर्मपुरी सदर, मेरठ कैंट को गिरफ्तार किया है। अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है।



## वैष्णोदेवी जाने वालों को अब दस लाख का मिलेगा फ्री बीमा कवर

**जम्मू, 8 फ़रवरी (एजेंसी)।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कटड़ा में एक वैश्विक आध्यात्मिक संग्रहालय स्थापित करने को मंजूरी दी है। बैठक में तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार, बीमा कवर बढ़ाकर 10 लाख करने और स्थानीय विकास पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें लाइट एंड साउंड शो, डॉक्यूमेंट्री, रिक्त पदों पर भर्ती, मुफ्त नीट कोचिंग और पर्यावरण संरक्षण योजनाएं भी शामिल हैं। तीर्थ-यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीमा कवर को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख प्रति यात्री करने की भी मंजूरी दी गई। धार्मिक सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पुजारियों के विशेष प्रशिक्षण पर भी जोर दिया गया। बुनियादी ढांचे और पर्यावरण संरक्षण पर फोकस किया गया।

## ट्रांसफॉर्मर में लगी भीषण आग से अफरा तफरी

**मुजफ्फरनगर, 8 फरवरी (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के माखियाली गांव की नई बस्ती में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब घनी आबादी के बीच रखे बिजली ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। ट्रांसफॉर्मर से लगातार आग की ऊंची लपटें और काला धुआं उठने से अफरातफरी मच गई। बाद में लाइन बंद कर आग बुझाई गई। पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया।

## बॉलिंग करते समय 13 साल के छात्र की मौत: जमीन पर गिरा, फिर नहीं उठा

**मैनपुरी, 8 फरवरी (एजेंसी)।** क्रिकेट खेल रहे 13 साल के छात्र की मौत हो गई। विराट चौहान बॉलिंग कर रहा था। इसी दौरान उसके हाथ में तेज दर्द होने लगा। कुछ देर बाद वह जमीन पर गिरकर छटपटाने लगा और बेहोश हो गया। परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विराट छठवीं का छात्र था। डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई है। हालांकि परिवार ने पोस्टमॉर्टम नहीं कराया। इसकी वजह से मौत की असली वजह सामने नहीं आ सकी। घटना रविवार को बिछवा थाना क्षेत्र की है। गांव सहारा में रहने वाले सोमेंद्र सिंह का बेटा विराट सिंह लहरा क्षेत्र की अनारा एजुकेशन एकेडमी में पढ़ता था। रविवार सुबह वह दोस्तों के साथ घर के पास स्थित ग्राउंड में मैच खेलने गया था। वह जैसे ही बॉलिंग करने गया, उसके हाथ में तेज दर्द होने लगा। इसके चलते जमीन पर गिरकर छटपटाने लगा। बच्चे उसे उठाने लगे, लेकिन वह नहीं उठा। इस पर बच्चे डर गए और विराट के घरवालों को बताया। साथी बोला- पहले छटपटाया, फिर बेहोश हो गया विराट के साथी ने बताया कि हम लोग मैच खेल रहे थे। विराट बॉलिंग करने आया। एक बॉल फेंकने के बाद उसके हाथ में दर्द होने लगा। कुछ देर बाद उसने 3 बॉल फेंकीं। दर्द और बढ़ा तो जमीन पर लेट गया और छटपटाना लगा। कुछ देर में वह बेहोश हो गया।

## 25000 वोल्ट की तार टूटकर पटरी पर लटकी, लड़कों ने ट्रेन रुकवाई, बड़ा हादसा टला

**फरुर्खाबाद, 8 फरवरी (एजेंसी)।** फरुर्खाबाद में उत्सर्ग एक्सप्रेस के साथ बड़ा हादसा होने से टल गया। ट्रेन फरुर्खाबाद से छपरा जा रही थी। फतेहगढ़ स्टेशन पहुंचने वाली थी। रास्ते में इलेक्ट्रिक ट्रेनों को 25000 वोल्ट की बिजली सप्लाई करने वाला ओएचई तार टूटकर रेलवे ट्रैक को छूने लगा। चिंगारी निकलने लगी और रेलवे की पटरी में गड्ढे हो गए। पास के ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहे लड़कों ने टूटे तार से चिंगारी निकलती हुई देखी। तभी उन्हें ट्रेन की आवाज सुनाई दी। उन्होंने तुरंत एक लाल कपड़ा लिया और फरुर्खाबाद स्टेशन की ओर से आ रही ट्रेन को दिखाया। लाल कपड़ा देखकर लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी। घटनास्थल वहां से कितनी दूर था। ट्रेन करीब एक घंटे तक ट्रैक पर खड़ी रही। उसे करीब 1 किलोमीटर बैक करके वापस फरुर्खाबाद स्टेशन लाया गया। रेलवे यार्ड के कर्मी मौके पर पहुंचे और लाइन को ठीक किया। 3 घंटे बाद ट्रेन छपरा के लिए रवाना हुई। लड़कों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

## ई-रिक्शा की बैटरी फटने से एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**बुलंदशहर, 8 फरवरी (एजेंसी)।** ई-रिक्शा की बैटरी चार्जिंग के दौरान अचानक विस्फोट होने से एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे में रोशन लाल, हिमांशु, मीनाक्षी, अंजली, रोहित और एक नवजात शिशु को चोटें आई हैं। खुर्जा कोतवाली क्षेत्र के नेहरुपुर में ई-रिक्शा की बैटरी चार्जिंग के दौरान अचानक विस्फोट हो गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने राहत बचाव कार्य शुरू किया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए तीन लोगों को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बैटरी में विस्फोट का कारण क्या था। यह घटना ई-रिक्शा की बैटरियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े करती है। चार्जिंग के दौरान इस तरह के हादसे काफी खतरनाक हो सकते हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में, यह अत्यंत आवश्यक है कि ई-रिक्शा चालक और मालिक बैटरी की गुणवत्ता, चार्जिंग की विधि और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें।

# दिल्ली में फ्लाई ओवर पर खड़ी कार के अंदर मिलीं तीन लाशें, दो पुरुष, एक महिला



**नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाई ओवर के पास एक कार में तीन लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतकों में एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में तीनों के शरीर पर किसी बाहरी चोट का निशान नहीं मिला है, जिससे जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और घटना की गहन जांच शुरू कर दी है।

यह दुखद घटना दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाई ओवर के निकट हुई, जहां एक कार के अंदर तीन लोगों के शव पाए गए। मृतकों में एक महिला और दो पुरुष थे, जिनकी उम्र क्रमशः 40 और 60 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को खोलकर देखा तो अंदर तीनों शव मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, मृतकों के शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट या संघर्ष के निशान नहीं पाए गए हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि मौत का कारण जहरीले पदार्थ का सेवन हो सकता है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल का मुआयना किया है और कार से कुछ नमूने भी एकत्र किए हैं, जिनकी जांच की जाएगी। पुलिस का मानना है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला हो सकता है, हालांकि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रयास जारी हैं और उनके परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि घटना से पहले कार में कौन-कौन लोग थे और वे कहां से आए थे, इसका पता लगाया जा सके। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। इस घटना से इलाके में भय और चिंता का माहौल है।

## नोएडा में बंद मकान के बेसमेंट में धर्म परिवर्तन...2 अरेस्ट

### 5 साल से चल रहा था खेल, टैक्सी ड्राइवर और उसकी पत्नी लोगों को जुटाती थी

**गौतम बुद्ध नगर, 8 फरवरी (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। एक मकान के बेसमेंट में प्रार्थना सभा में धर्म परिवर्तन की शिकायत पर पुलिस पहुंची। वहां 40 से 50 लोग मौजूद मिले। उन लोगों ने भागने की कोशिश की। पूछताछ में कोई भी सही जवाब नहीं दे सका। एक कमरे से बड़ी मात्रा में धार्मिक पुस्तकें भी बरामद हुई हैं।

पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें दो पुरुष व दो महिला है। पूछताछ के बाद दो को अरेस्ट कर लिया गया है। इनमें एक टैक्सी ड्राइवर है। यह पूरा मामला बीटा 2 थाना क्षेत्र के सेक्टर 36 का है। पुलिस ने पूरे मामले की तफ्तीश की बात कही है। सेक्टर 36 के एक मकान बी-224 के बेसमेंट में हर रविवार को धार्मिक प्रार्थना सभा होती है। यह मकान अब्राहम नाम के एक क्रिश्चियन युवक का है। वह उस मकान में रहता नहीं है। पूरे सप्ताह मकान बंद रहता है। रविवार को ही ताला खोलकर इसके बेसमेंट में प्रार्थना सभा होती है। इसमें बड़ी तादाद में लोग शामिल होते हैं। आरोप है कि इसी दौरान यहां धर्म परिवर्तन से जुड़ी गतिविधियां होती हैं। इस प्रार्थना सभा का आयोजन ग्रेटर नोएडा के रहने वाला टैक्सी ड्राइवर चंद्रकिरण और राजस्थान का रहने वाला उसका साथी सुरेश इस सभा का आयोजन करते हैं। इन दोनों की पत्नियां भी इसमें इनका सहयोग करती हैं। यह चारों पिछले पांच वर्ष से यहां धार्मिक सभा आयोजित कर रहे हैं। रविवार को इस प्रार्थना सभा की जानकारी हिंदू संगठन से जुड़े लोगों को हो गई। वह मौके पर पहुंचे और विरोध जताते हुए हंगामा किया। हिंदू संगठन की सूचना पर पुलिस पहुंची। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस को देखकर वहां मौजूद लोग भागने लगे। पुलिस की पूछताछ के दौरान आयोजक चंद्रकिरण और सुरेश सामने आए। उन दोनों की पत्नी से भी पुलिस ने आयोजन से जुड़ी जानकारी की। कोई भी सटीक जानकारी नहीं दे सका। पुलिस ने चारों को हिरासत में ले लिया। थाना में पूछताछ के बाद पुलिस ने चंद्रकिरण और सुरेश को गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर 36 के इसी मकान के बेसमेंट में प्रार्थना सभा को रुकवाकर पुलिस ने ताला लगवा दिया है। पुलिस ने वहां पड़ताल की। एक कमरे में धार्मिक पुस्तक भरी हुई मिलीं। कई बक्सों में धार्मिक पुस्तक पैक थीं।

हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष चैनपाल प्रधान ने बताया कि आज हमें सूचना मिली। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता कुछ हिंदू कार्यकर्ता और आसपास के लोग इकट्ठा होकर मौके पर पहुंच गए। वहां जाकर देखा तो काफी लोगों को इकट्ठा किया गया था। इनके पास काफी धार्मिक पुस्तक थीं। यह लोग उन लोगों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन करते थे। हमने पुलिस को जानकारी दी। उसके बाद कार्रवाई हुई। ग्रेटर नोएडा के एसीपी प्रथम अरविंद कुमार ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि सेक्टर 36 में कुछ लोगों की ओर से धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। उनसे पूछताछ की गई। उसके बाद दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## कुशीनगर में कार-ट्रॉली की टक्कर में 3 दोस्तों की मौत





**कुशीनगर, 8 फरवरी (एजेंसी)।** नेशनल हाईवे पर खड़ी ट्राली से कार टकरा गई। हादसे में 3 दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर घायल हो गए। सभी लोग बहुभोज कार्यक्रम से गोरखपुर घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क पर पहले से एक ट्रक और हाफ ट्रेलर आपस में टकराकर खड़े थे। कोहरे और तेज रफ्तार के कारण पीछे से आ रही अर्टिगा कार उन्हें देख नहीं सकी और सीधे ट्राली में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चारों ओर चीख-पुकार मच गई।

## मेरठ में शादी से कुछ घंटे पहले महिला सिपाही का अपहरण, 24 घंटे बाद बरामद

### मवाना क्षेत्र के गांव ढिकोली निवासी बदमाश अंकित पर अपहरण का आरोप



**मेरठ, 8 फरवरी (एजेंसी)।** जिले के गांव में शनिवार रात बरात आनी थी। इससे कुछ घंटे पहले ही अंकित ढिकोली सिपाही का अपहरण कर ले गया। पुलिस की दो टीमें और एसओजी तलाश में लगाई। रविवार शाम को महिला सिपाही को मेरठ से ही बरामद कर लिया गया। मेरठ के मवाना थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात में शादी से कुछ घंटे पहले महिला सिपाही का अपहरण कर लिया गया। अगवा करने का आरोप मेरठ के ही मवाना क्षेत्र के गांव ढिकोली निवासी बदमाश अंकित पर है। अंकित मवाना थाने का हिस्ट्रीशीटर है। एसएसपी ने महिला सिपाही की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया, साथ ही एसटीएफ को भी लगाया। अपहरण के 24 घंटे बाद ही महिला सिपाही को मेरठ के बक्सर से बरामद कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात गांव अकबरपुर सादात में महिला सिपाही की बरात आनी थी। बरात आने से कुछ घंटे पहले ही शाम के समय अंकित ढिकोली दुल्हन को उठाकर ले गया। इस घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिवार वालों ने तत्काल थाना पुलिस से संपर्क साधा और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर अफसरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला सिपाही को सकुशल बरामद करने के लिए दो विशेष टीमों का गठन किया। इसके साथ ही एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) को भी महिला सिपाही की बरामदगी के लिए लगाया गया। बताया गया कि महिला सिपाही की बरात मेरठ के गांव खेड़ी से ही आनी थी। महिला सिपाही अलीगढ़ के साइबर थाने में तैनात है। वहीं होने वाला दूल्हा भी अलीगढ़ के बन्ना थाने में कांस्टेबल के रूप में तैनात है। महिला 2021 बैच की कांस्टेबल है। इस संवेदनशील मामले को पुलिस द्वारा गोपनीय रखा गया। ताकि अपहरणकर्ता को पकड़ने और महिला सिपाही को सुरक्षित छुड़ाने के प्रयासों में कोई बाधा न आए। वारदात के करीब 24 घंटे बाद महिला सिपाही को पुलिस ने मेरठ के बक्सर से सकुशल बरामद कर लिया।

## जेल से लाए बदमाश ने बरामद कराई डेढ़ लाख रुपये की स्मैक

**मुजफ्फरनगर, 8 फरवरी (बु.)।** थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा जिला कारागार में निरुद्ध अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अभियुक्त की निशानदेही पर अनुमानित करीब 1.5 लाख रुपए कीमत की 5.0 ग्राम स्मैक बरामद की है। अवैध मादक पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत थाना सिविल लाइन पर एनडीपीएस एक्ट बनाम अभियुक्तगण सौरभ मुण्डा स्र रामपाल सिंह निवासी 1650 गली नं0- 3 रामलीला टीला थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया था। उसके साथी नितिन कुमार उर्फ टोनी पुत्र देशवीर सिंह निवासी मौहल्ला गोशाला जानकी मन्दिर के पीछे थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। सौरभ मुण्डा उपरोक्त को मौके से गिरफ्तार किया गया था तथा अभियुक्त नितिन कुमार उर्फ टोनी उपरोक्त मौके से कोहरे का फायदा उठाकर भाग गया था। अभियुक्त नितिन कुमार उर्फ टोनी ने दो फरवरी को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा जिला कारागार मुजफ्फरनगर में निरुद्ध अभियुक्त नितिन कुमार उर्फ टोनी को कोर्ट के आदेश पर पुलिस अभिरक्षा में लेकर आई। इसके बाद अभियुक्त की निशानदेही पर 5 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1.5 लाख रुपए बताई गई है। थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के सम्पर्कों की जांच की जा रही है तथा अभियुक्त की निशादेही से बरामदगी के सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बारात के वापस लौटने पर हुई आतिशबाजी में दो पक्षों में मारपीट

**शाहपुर, 8 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव बसीकलां में बारात के वापस लौटने पर खुशी में की गई आतिशबाजी के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई । जिसमें एक पक्ष के दो व्यक्ति घायल हो गए । क्षेत्र के गांव बसीकलां निवासी अकरम की बारात रविवार को खतौली गई थी । देर शाम बारात के वापस लौटने पर व परिजनों के दूल्हे व दुल्हन को कार से उतारने के दौरान परिजन व रिश्तेदार आतिशबाजी कर रहे थे । इसी दौरान मौहल्ले के ही दूसरे पक्ष ने आतिशबाजी छोड़ने का विरोध किया । जिसको लेकर दोनो पक्षों में कहासुनी हो गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने के साथ ईंट व पत्थर जमकर चले । जिसमें दूल्हे के ताऊ का लड़का इरशाद व उसका खतौली निवासी बहनोई शानू घायल हो गए । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया । सूचना मिलने पर सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने भी गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के साथ अस्पताल पहुंचकर घायलों से वार्ता की । सीओ ने बताया गया घटना के सम्बंध में अभी तक तहरीर नही आई है ।**

## एटा हादसे में तीन की मौत : मां-बाप का सहारा थी मनकी, तीन बहनों का इकलौता भाई था शिवम



मनकी के सपनों की उड़ान को थाम दिया। हादसे में मनकी, कैब चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। बड़ी बहन खुशबू अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। हादसे में मनकी की मौत और खुशबू की गंभीर हालत ने परिवार का तोड़ कर रख दिया है। घर में मातम छाया है। घर से परिवार की महिलाओं की चीख-पुकार सुनाई दे रही थी।

**एटा, 8 फरवरी (एजेंसी)।** आसपुर-सकीट मार्ग पर शुक्रवार रात एक कार अनियंत्रित होकर गांव बावली से पहले तीव्र मोड़ पर खाई में गिरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवती समेत तीन लोगों की मौत हो गई और एक युवती व युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान टैक्सी चालक सुमित निवासी गांव नगला बरी, थाना कुरावली (मैनपुरी), शिवम और मनकी निवासी गांव जखऊआ, थाना कुरावली (मैनपुरी) के तौर पर हुई है। घायलों को आगरा में भर्ती कराया गया है।

महज 19 साल की मनकी मानसिक रूप से बीमार पिता व आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे परिवार का सहारा बन रही थी। बड़ी बहन के साथ दो माह से गुरुग्राम में नौकरी कर एक जिम्मेदार बेटी का फर्ज निभा रही थी। मगर, शनिवार सुबह एटा में हुए सड़क हादसे में

## पाकिस्तान से 8 महीने बाद घर लौटेगा अमृतपाल



**फाजिल्का, 8 फरवरी (एजेंसी)।** फाजिल्का सेक्टर के किसान अमृतपाल की जल्द रिहाई की खबर सामने आ रही है। सरहदी गांव खैरेके उताड़ का किसान अमृतपाल 21 जून, 2025 को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गया था। किसान के पिता जगराज सिंह के अनुसार, अमृतपाल खेत में चूहों को बेहोश करने वाली दवा का छिड़काव कर रहा था। दवा के असर और उसके बाद चाय पीने की वजह से उसे चक्कर आने लगे और बेहोशी की हालत में वह गलती से पाक सीमा में दाखिल हो गया। वहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में लेकर कंगनपुर के अस्पताल में दाखिल कराया था। बीते दिन पाकिस्तान की जेल में बंद पंजाब के 7 लोगों की सजा पूरी होने के बाद रिहाई की गई है, जिनकी अंबेसी बुधवार को क्लीयर हो गई थी। जगराज सिंह के अनुसार अमृतपाल के केस की अंबेसी शुक्रवार को क्लीयर हो चुकी है और किसी भी समय अमृतपाल की रिहाई हो सकती है।

## गेम खेलते समय युवक के दिमाग की नस फटी, मौत



**मेरठ, 8 फरवरी (एजेंसी)।** देहली गेट थाना क्षेत्र के खेरनगर में 22 वर्षीय मोहम्मद कैफ की ऑनलाइन गेम खेलते समय मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हेडफोन लगाकर गेम खेलने के दौरान उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को दिल्ली में इलाज के दौरान कैफ ने दम तोड़ दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मोहम्मद कैफ अपने दोनों कानों में हेडफोन लगाकर गेम खेल रहे थे, तभी अचानक उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ और वे गिर पड़े। उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के होप नर्सिंग होम में रेफर कर दिया गया था। कैफ के पिता फारूक, जो प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं, उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय उनके बेटे का बीपी 300 के पार था। डॉक्टरों ने हाई बीपी को ही ब्रेन हैमरेज और दिमाग की नस फटने का कारण बताया है। मोहम्मद कैफ अपने पिता के काम में हाथ बंटाते थे और उन्हें रील बनाने का भी शौक था। परिवार ने यह भी जानकारी दी कि कैफ को करीब 10 साल पहले भी हाई बीपी बढ़ने की शिकायत हुई थी। उनका इलाज चल रहा था। डॉक्टरों ने पुष्टि की कि जिस दिन उन्हें अस्पताल लाया गया, उनका बीपी बहुत बढ़ा हुआ था, जिससे यह घटना हुई।

## यूपी विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से

**लखनऊ, 8 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसके पहले रविवार को सीएम ने सभी पार्टियों के साथ सर्वदलीय बैठक की। इस बैठक में भाजपा के साथ कांग्रेस और सपा के सदस्य मौजूद रहे। प्रदेश सरकार की ओर से 11 फरवरी को पेश होने वाले बजट का आकार इस बार करीब 9 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है। सरकार का मुख्य ध्यान प्रदेश के विकास और आम लोगों की सुविधाओं पर रहेगा। खासतौर पर सड़क, पुल, शहरों के विकास और बुनियादी ढांचे पर बड़ा खर्च किए जाने की संभावना है। पिछले वित्तीय वर्ष में यूपी का बजट करीब 8.08 लाख करोड़ रुपये था, जो उससे पहले के साल से 9.8 प्रतिशत ज्यादा था। अब आने वाला बजट इससे भी बड़ा होगा और इसमें जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। सरकार युवाओं के रोजगार, किसानों की मदद और गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए अच्छी खासी रकम रख सकती है।

# 1200 करोड़ की ठगी के लिए 600 व्हाट्सअप ग्रुप से जोड़े डेढ़ लाख लोग

**अलीगढ़, 8 फरवरी (एजेंसी)।** जिले की साइबर टीम ने हांगकांग से संचालित ऐसे गैंग पर कार्रवाई की है, उसने 600 व्हाट्सएप ग्रुपों में देश के डेढ़ लाख लोगों को जोड़ रखा था। उनसे छह फरवरी को करीब 1200 करोड़ से ज्यादा की ठगी होनी थी।

साइबर पुलिस ने शेयर में निवेश के नाम पर देश भर में साइबर ठगी कर रहे और हांगकांग से संचालित अंतरराष्ट्रीय गिरोह के 12 सदस्यों को यूपी सहित देश के छह राज्यों से गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पांच हजार करोड़ से ज्यादा की ठगी कर चुका है। इसकी आगे की जांच में इंटरपोल से मदद लेने के लिए सीबीआई को भी पत्राचार किया जा रहा है। साइबर नोडल एसपी देहात अमृत जैन ने शनिवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में बताया कि स्वर्ण जयंती नगर निवासी दिनेश कुमार शर्मा बैंक में डीजीएम पद से सेवानिवृत्त हैं। उनके साथ दिसंबर से जनवरी के के बीच 45 दिन के अंतराल में शेयर में निवेश व 200 गुना मुनाफा दिलाने के नाम पर 1.10 करोड़ की ठगी की गई थी। उन्होंने 31 जनवरी को साइबर थाने पर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। एसपी देहात के अनुसार विवेचना शुरू की गई तो साइबर ठग तब भी उनके संपर्क में थे। बस उसी दिशा में जब प्रयास शुरू किया तो यह गिरोह साइबर टीम के रडार पर आया। काम शुरू किया तो पता चला कि यह गिरोह हांगकांग से संचालित हो रहा है और देशभर में सक्रिय इसके सदस्य व्हाट्सएप ग्रुपों में लोगों को जोड़कर उनसे ठगी कर रकम से यूएसडीटी (अमेरिकी डॉलर से जुड़ी एक क्वाइन) खरीद रहे हैं। दिनेश शर्मा के खाते से जिन खातों में रकम ट्रांसफर कराई गई थी। वे प्रमुख सात खाते यूपी सहित देश के छह राज्यों से संचालित पाए गए। इसी आधार पर डीआईजी व एसएसपी के निर्देश पर कुल सात टीमें बनाकर जांच शुरू की गई। इन सातों टीमों ने प्रयास कर यूपी के तीन जिलों के अलावा उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा में दबिश देकर कुल 12 लोगों को दबोच लिया। हवाई व सड़क मार्गों से इन सभी को शुक्रवार मध्य रात्रि तक यहां लाया गया।

पूछताछ व जांच के बाद इन सभी को शनिवार को जेल भेज दिया गया। इनसे पूछताछ में उजागर हुआ है कि अब तक जिस एप से दिनेश शर्मा को ठगा गया। उस एप के जरिये अब तक 5000 करोड़ से ज्यादा की ठगी की जा चुकी है। 600 व्हाट्सएप ग्रुपों में देश के डेढ़ लाख लोगों को जोड़ रखा था। उनसे छह फरवरी को करीब 1200 करोड़ से ज्यादा की ठगी होनी थी। इस कार्रवाई के बीच गृह व दूरसंचार मंत्रालय की मदद से सभी 600 व्हाट्सएप ग्रुपों को बंद कराने के साथ-साथ ठगी के लिए बनाई गई दो एप भी देश में प्रतिबंधित कराई गई।

एसपी देहात अमृत जैन ने बताया कि ठगी के शिकार हुए स्वर्ण जयंती नगर के दिनेश शर्मा जब हमारे पास आए तो उन्होंने बताया कि वे पिछले 45 दिन से ठगों के संपर्क में हैं। अब तक वे 1.10 करोड़ गवां चुके हैं। अभी छह फरवरी को दो करोड़ रुपये अभी मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि 200 गुना मुनाफे की बात कहकर उन्हें बार-बार प्रेरित कर इस व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर फायदे दिखाए। उनके 64 हजार रुपये होल्ड कराए गए। रिपोर्ट दर्ज कर तय किया गया कि इसमें दिनेश शर्मा ठगों के संपर्क में रहेंगे। पुलिस अपना काम शुरू कर देगी। दिनेश शर्मा भी इस बात पर राजी हो गए। अधिकारियों से विमर्श कर साइबर-सर्विलांस टीमों को काम पर लगाया गया।

हांगकांग की आईपी पर शेयर बाजार के प्लेटफॉर्म से मिलते जुलते प्लेटफॉर्म बनाए गए। इनमें से एक फायर इलाइट प्रो एप 52 दिन पहले ही बनी थी। फिर टेलीग्राम ग्रुपों के जरिये अपने देश में अलग अलग राज्यों के ऐसे युवा जोड़े गए, जो जल्दी धन कमाना चाहते थे। उन युवाओं को ट्रेनिंग देकर व्हाट्सएप ग्रुपों में लोगों को जोड़कर रकम ऐंठने में लगाया गया। दूसरी ओर कुछ युवक बैंक खाते खरीदकर या किराये पर लेकर उनसे रकम को तत्काल दूसरे खातों में ट्रांसफर करने व आगे यूएसडीटी खरीदने में लगाए गए। मोबाइल कॉलिंग वाले सभी नंबर हांगकांग की इंटरनेट आईपी से ही संचालित हो रहे थे। बस बैंक खाते अपने देश में ऑपरेट हो रहे थे। देश में जो लोग ट्रेनिंग पाकर ठगी के शिकार खोज रहे थे। वे सिर्फ सेवानिवृत्त बड़े अधिकारियों, बड़े व्यापारियों व बड़ी रकम वाले खातों के स्वामियों की सोशल मीडिया-वित्तीय गतिविधियों की निगरानी करते थे।

साइबर अपराध में पिगबुचरिंग करते हुए यानि इनको प्रेरित करने व ठगने का प्रयास करते हुए सभी लोगों को व्हाट्सएप पर शेयर बाजार में 200 गुना मुनाफे के संदेश भेजकर उन्हें प्रभावित करते। बाद में व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर उनके मन में लालच जगाते। बाद में उनके सुनियोजित एकाउंट व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये ही ठगी में प्रयोग होने वाली एप पर खुलवाकर रकम लेकर ठगी शुरू करते थे।

### अभी दो दर्जन की तलाश, रकम विदेश पहुंची

**अलीगढ़।** एसपी देहात बताते हैं कि इस मामले में अभी दो दर्जन लोगों की तलाश है। जो देश में ही सक्रिय हैं, इनके द्वारा ठगी गई रकम विदेश पहुंच गई है। ऐसा अब तक की जांच में अनुमान है। दिनेश शर्मा से ठगी रकम में से साढ़े पांच लाख रुपये मिल गए हैं, जबकि कुछ रकम अभी खातों में होल्ड है। उन सभी पर वापसी आदि का प्रयास किया जा रहा है। अब तक जो लोग पकड़े गए हैं व उनके जो नंबर व खाते जांच में सामने आए हैं। उन पर दो दर्जन शिकायतें साइबर पोर्टल पर दर्ज हैं। वहीं गृह मंत्रालय के जरिये साइबर पोर्टल की एक टीम व हमारे जिले की टीम इनसे जुड़े व्हाट्सएप ग्रुपों में शामिल लोगों को चेता रही है। ताकि उन्हें ठगी से बचाया जा सके। प्रकरण में अभी करीब दो दर्जन लोग ऐसे हैं, जो देश के अलग अलग राज्यों में हैं। वे सभी वांछित हैं। उनकी तलाश में हमारी टीमों का काम जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अब तक की जांच व साइबर-सर्विलांस साक्ष्यों के अनुसार यह पूरा गिरोह हांगकांग से संचालित होना पाया गया है। इसलिए वहां भी दबिश की योजना है। इसके लिए इंटरपोल को सीबीआई के जरिये पत्राचार किया जा रहा है। जिसमें वहां धरपकड़ कराने के साथ-साथ यह भी संस्तुति की जा रही है कि अगर चाहें तो आगे की विवेचना सीबीआई स्तर से भी कराई जा सकती है।

### ये आरोपी पकड़े गए

- जगन्नाथ प्रधान निवासी बंकालिडी, बाडाबोरासिंगी गंगापुर जिला गंजम, ओडिशा
- देवाषीश प्रधान निवासी बेलाबडी तुरुमु भंजानगर जिला गंजम, ओडिशा
- जितेन्द्र चौधरी निवासी चुढि?पल्ली अंबापुआ थाना वैलगुन्ठ जिला गंजम ओडिशा
- रंकनिधि नायक निवासी चुढि?पल्ली अंबापुआ गंजम थाना वैलगुन्ठ जिला गंजम, ओडिशा
- दुर्गेश कुमार गुप्ता निवासी रुनान्दा गांधी चौक भिलाई जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़
- सूरज सिंह पंवार निवासी मोहथरानवाल मार्ग अजबपुर कालान देहरादून, उत्तराखंड
- रविंद्र सिंह राठौर निवासी फेज-2 यमुनोत्री एन्कलेव चन्द्रभानी रोड वैष्णो माता मन्दिर रोवला कला देहरादून, उत्तराखंड
- सुरेश कुमार निवासी प्रिन्सिस पार्क ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर- 86 ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा
- नवनीत लहरी निवासी नाडी रोड थाना सैफऊ जिला धौलपुर, राजस्थान
- रिजवान निवासी 151 मदीना मस्जिद वाली गली जिला बुलंदशहर
- आदित्यपाल निवासी साकेतपुरी मोहली रोड थाना हाईवे जिला मथुरा
- आर्यन वत्स निवासी गली नंबर 15 दीपक विहार खोडा कालोनी थाना खोडई, गाजियाबाद हाल निवासी रोजजलालपुर गोल्डन वैली सोसाइटी थाना बिसरख नोएडा

### ये हुआ बरामद

30 पासबुक व चेकबुक, दो क्रेडिट कार्ड, 28 डेबिट/एटीएम कार्ड, 23 मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड, नौ फर्जी फर्म की मुहर, दो जियो राउटर, एक लैपटॉप, एक कैमरा, पीड़ित दिनेश शर्मा की ठगी की रकम से पांच लाख 64 हजार रुपये।